अभ्यास : प्रश्न तथा उनके उत्तर

1. अपने शिक्षक की सहायता से पता लगाइये कि निम्नांकित सरकारी विभाग क्या काम करते हैं और उन्हें तालिका में दिये गये रिक्त स्थानों में भरिए।

उत्तर—

विभाग का नाम	उनके द्वारा किए गए कार्यों के उदाहरण
मानव संसाधन विकास विभाग	राज्य के प्राथमिक से लेकर विश्वविद्यालय स्तर तक पढ़ाई की व्यवस्था करना
स्वास्थ्य विभाग	जगह-जगह स्वास्थ्य शिविर लगाना, मुफ्त टीके लगवाना
पथ निर्माण विभाग	सड़कें बनवाना, टूटी सड़कों का बंटवारा करवाना
कृषि विभाग	वैज्ञानिक विधि से कृषि करने की जानकारी

2. निर्वाचन क्षेत्र व प्रतिनिधि शब्दों का प्रयोग करते हुए स्पष्ट कीजिए की विधायक कौन होता है और उनका चुनाव किस प्रकार होता है ?

उत्तर—निर्वाचन क्षेत्र से कई अलग-अलग प्रतिनिधि चुनाव लड़ने के लिए खड़े होते हैं और जनता से अधिक से अधिक वोट की उम्मीद करते हैं और जनता जिस उम्मीदवार को सबसे अधिक पसंद करती है उन्हें सबसे अधिक वोट देते हैं और जिस उम्मीदवार को सबसे अधिक वोट मिलता है वह विजयी घोषित किया है, फिर उसे जनता का प्रतिनिधि बनाकर संसद में भेजते हैं और जो प्रतिनिधि आपस में मिलकर सरकार बनाते हैं, उसे विधायक कहते हैं।

3. विधान सभा सदस्य द्वारा विधायिका में किए गए कार्यों और शासकीय विभागों द्वारा किए गए कार्यों के बीच क्या अन्तर है ?

उत्तर—विधान सभा में बहस कुछ अर्थों में उपयोगी होती है क्योंकि अगर बहस नहीं होगी तो कोई पक्ष अपनी बात सामने कैसे रखेगा। जब कोई विधायक अपनी बात पूछता है तो उस विभाग के मंत्री उसका जवाब देते हैं। उन दोनों के बीच बहस होती है और उस समस्या का समाधान होता है। बहस से हर किसी को उसका हक मिलता है।

4. आपके विचार में क्या विधान सभा में बहस कुछ अर्थों में उपयोगी रही ? कैसे। चर्चा कीजिए।

उत्तर—विधान सभा सदस्य द्वारा विधायिका में किए गए कार्यों और शासकीय विभागों द्वारा किए गए कार्यों के बीच अंतर—

विधान सभा सदस्य के द्वारा जो काम किए जाते हैं, वो जनता के हित में होते हैं उनमें जनता की भलाई होती है। जनता को जिस भी क्षेत्र में कोई परेशानी होती है, उस विभाग के मंत्री द्वारा उस परेशानी को दूर करने की कोशिश की जाती है और उस परेशानी के दुर होने पर उसकी वजह तलाशी जाती है और फिर उस पर कड़ी कार्यवाही की जाती है।

शासकीय विभागों द्वारा हर क्षेत्र के लिए अलग-अलग नियम बनाए जाते हैं और सरकार से उन नियमों का पालन करवाते हैं।